फर्द अहकाम

न्यायालय जिला कलक्टर, राजसमंद जिला राजसमन्द

श्री ईश्वरसिंह सामोता पिता श्री देवीलाल जी सामोता निवासी आनन्द सिनेमा के पास, द्वारकाधीश जी की खिड़क, नाथद्वारा, जिला राजसमन्द — अपीलार्थी

बनाम

लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार नाथद्वारा — प्रत्यर्थी

पत्रावली संख्या 90 / 2025

किस्म मुकदमा — अपील सूचना का अधिकार, 2005

क्रमांक	कार्यवाही विवरण	हस्ताक्षर पार्टी तथा सूचनाएं जारी की गई
	दिनांक 10.11.2025 पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी अनुपस्थित। अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 अंतर्गत वांछित सूचना लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार नाथद्वारा से प्राप्त नहीं होने से इस कार्यालय में सूचना प्राप्ति हेतु प्रेषित प्रथम अपील को दर्ज रजिस्टर किया जाकर लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार नाथद्वारा से वांछित सूचना अपीलार्थी को उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाने हेतु निर्देशित किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार नाथद्वारा से जरिये पत्र क्रमांकः—सू0अ0अ0 / 2025 / 1253 दिनांक 10.11.2023 से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई सूचना उपलब्ध कराने हेतु संबंधित को सूचना दे दी गई। ईश्वर सिंह सामोता द्वारा नियमानुसार राशि जमा कराने पर उनके द्वारा वांछित सूचना उपलब्ध करवा दी जाएगी। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार नाथद्वारा की रिपोर्ट एवं अपीलार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रथम अपील का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार नाथद्वारा की रिपोर्ट के अनुसार अपीलार्थी द्वारा चाही गई वांछित सूचना हेतु अपीलार्थी को सूचित किये जाने और अपीलार्थी द्वारा नियमानुसार शुल्क जमा कराने पर उपलब्ध करा दी जायेगी। इस संबंध में अपीलार्थी को निर्देशित किया जाता है कि वांछित सूचना के संबंध में नियमानुसार शुल्क राशि जमा करवा वांछित सूचना प्राप्त करे तथा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार नाथद्वारा को निर्देशित किया जाता है कि अपीलार्थी को वांछित सूचना उपलब्ध करवाकर रिपोर्ट इस न्यायालय को भिजवाया जाना सुनिश्चित करे। निर्णय की प्रति अपीलार्थी, लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार नाथद्वारा को भिजवायी जावे। **पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज रजिस्टर नंबर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।** लोक सूचना अपीलीय अधिकारी (जिला कलक्टर) राजसमंद	

आवेदन की छाया प्रति संलग्न कर प्रस्तुत की गई है ।